२०२४-२०२५

बी.ए. बी.एड. प्रवेश परीक्षा

आदर्श प्रश्न पत्र

विषय- हिन्दी, पत्र- तृतीय

समयः १.½ घण्टे **सम्पूर्णाङ्क –५०**

निर्देश-

- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **खण्ड 'अ', खण्ड 'ब', खण्ड 'स' एवं खण्ड 'द' से दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

खण्ड-अ

(अति संक्षिप्त उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न - १. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में दीजिए- १०x१ = १०

क. भारत की राजभाषा किसे माना गया है?
ख. तुलसीदास किस काल के कवि हैं?
ग. हिंदी में वचन कितने हैं?
घ. संज्ञा के दो उदाहरण लिखिए।
ङ. हिंदी दिवस कब मनाया जाता है?
च. हिंदी की लिपि का नाम लिखिए।
छ. रात का विलोम शब्द लिखिए।
ज. 'राजा' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए।
झ. माता-पिता में कौन समास है?
ञ. आधुनिक काल के दो रचनाकारों के नाम लिखिए।

खण्ड-ब

(अति लघूत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न – २. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए- ५x२ = १०

क. संज्ञा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
ख. व्याकरण किसे कहते हैं?
ग. लिंग की परिभाषा को उदाहरण के साथ लिखिए।
घ. भक्ति काल की चार विशेषताओं को लिखिए।
ङ. हिंदी भाषा के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

च. संधि किसे कहते हैं?

खण्ड-स

(लघूत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न – ३. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए- ५x४ = २०

क. अपने प्रधानाचार्य को छुट्टी हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

ख. अपने प्रिय शिक्षक की विशेषताओं को लिखिए।

ग. रस की परिभाषा देते हुए उसके महत्व को स्पष्ट कीजिए।

घ. हिंदी में आपके द्वारा कोई पढ़ी गयी कहानी का सारांश लिखिए।

ङ. सर्वनाम और विशेषण के अंतर को समझाइए।

च. 15 अगस्त पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

खण्ड-द

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न – ४. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए- १x१० = १०

क. शिक्षा का महत्व

ख. भारत में गरीबी के कारण

ग. विज्ञान वरदान भी है अभिशाप भी है।

****